Website : www.prsuniv.ac.in E-mail ID- registrar@prsuniv.ac.in

# प्रो० राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज, उ०प्र०

(पूर्ववर्ती: इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, इलाहाबाद)

# Prof. Rajendra Singh (Rajju Bhaiya) University, Prayagraj, U.P.

(Formerly: Allahabad State University, Allahabad)

पत्रांक : प्रोरासिविवि / कुसका / रासेयो / 2024– 463 दिनांक: 15 जुलाई, 2024

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय,
प्रयागराज

**विषय : My Bharat Portal पर ज्ञान संस्थानों (Knowledge Institutions) के रूप में महाविद्यालयों को पंजीकृत (onboard) करने के सन्दर्भ में।**

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय युवा कार्यक्रम विभाग रा.से.यो. क्षेत्रीय निदेशालय, लखनऊ के पत्र संख्या 28–11 / रा.से.यो. / क्षे.नि. / लख / 2024–25 / 1734–1825 दिनांक 25 जून, 2024 (संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से अवगत कराया गया है कि **My Bharat Portal पर ज्ञान संस्थानों (Knowledge Institutions) के रूप में महाविद्यालयों को पंजीकृत (onboard)** किया जाना अति आवश्यक है। उक्त पंजीकरण प्रक्रिया हेतु भारत सरकार द्वारा एक SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) बनाई गई है। जिसके माध्यम से संस्थान स्वयं को **My Bharat Portal** पर पंजीकृत कर सकते हैं। **संस्थान द्वारा My Bharat Portal पर पंजीकरण करने हेतु नोडल अधिकारी के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य / प्राचार्या अथवा उनके द्वारा महाविद्यालय का नामित अन्य व्यक्ति (एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक / कार्यक्रम अधिकारी नहीं होना चाहिए) के विवरण से ही पंजीकरण प्रक्रिया संपन्न होगी।**

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने महाविद्यालय को **My Bharat Portal पर ज्ञान संस्थानों (Knowledge Institutions) के रूप में** दिनांक 20 जुलाई, 2024 तक अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः–यथोक्त।

भवदीय

(संजय कुमार)
कुलसचिव

**प्रतिलिपि :निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मा0 कुलपति जी।
2. डॉ0 मनोज कुमार वर्मा, नोडल अधिकारी, पी0आर0एस0यू0, प्रयागराज।
3. प्रभारी एजेंसी को इस आ  ाय से प्रेषित कि वि  वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयो की कॉलेज लॉगिन पर अपलोड करने हेतु।
4. गार्ड फाइल।

कुलसचिव

भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
युवा कार्यक्रम विभाग
रा.से.यो. क्षेत्रीय निदेशालय
उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड
लखनऊ

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Youth Affairs & Sports
Department of Youth Affairs
Regional Directorate of NSS
Uttar Pradesh & Uttarakhand
Lucknow

अति महत्वपूर्ण

सं० 28-11/रा.से.यो./क्षे.नि./लख/2024-25/1734-1825

दिनांक: जून 25, 2024

सेवा में,

कुलसचिव ,
रासेयो सम्बद्ध समस्त विश्वविद्यालय
उत्तर प्रदेश

विषय: My Bharat Portal पर ज्ञान संस्थानों (Knowledge Institutions) के रूप में विश्वविद्यालय एवं उनके अंतर्गत महाविद्यालयों को पंजीकृत (onboard) करने के सन्दर्भ में :-

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक भारत सरकार, युवा कार्यक्रम विभाग, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, नई दिल्ली से प्राप्त निदेशानुसार एवं विशेष सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रेषित पत्र सं० - 247/वि०एस०(डी०)/उ०शि०/2024 के सन्दर्भ में **My Bharat Portal पर ज्ञान संस्थानों (Knowledge Institutions) के रूप में समस्त विश्वविद्यालयों एवं उनके अंतर्गत आने वाले समस्त महाविद्यालयों को पंजीकृत (Onboard) किया जाना आवश्यक है। उक्त पंजीकरण प्रक्रिया हेतु भारत सरकार द्वारा एक SOP (मानक सञ्चालन प्रक्रिया) बनाई गई है।** उक्त SOP (संलग्न) में चरण बद्ध तरीके से संस्थान के पंजीकरण की प्रक्रिया बताई गई है, जिसके माध्यम से सहज रूप में संस्थान स्वयं को My Bharat Portal पर पंजीकृत कर सकते हैं। **संस्थान द्वारा My Bharat Portal पर पंजीकरण करने हेतु नोडल अधिकारी के रूप में संस्थान के कुलसचिव/प्राचार्य अथवा उनके द्वारा संस्थान का नामित अन्य व्यक्ति (एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक/कार्यक्रम अधिकारी नहीं होना चाहिए) के विवरण से ही पंजीकरण प्रक्रिया संपन्न होगी।**

अतः आपसे अनुरोध है कि **अपने विश्वविद्यालय का एवं उनके अंतर्गत आने वाले समस्त महाविद्यालयों/संस्थानों को My Bharat Portal पर ज्ञान संस्थानों (Knowledge Institutions) के रूप में दिनांक 30 जून, 2024 तक अनिवार्य रूप से पंजीकरण सुनिश्चित कराने हेतु सम्बंधित को निदेशित करने का कष्ट करें।** सम्बंधित SOP (मानक सञ्चालन प्रक्रिया) संलग्न।

भवदीय

(समरदीप सक्सेना)
युवाअधिकारी

संलग्नक: उक्तवत

**प्रतिलिपि:**

1. **निदेशक, भारत सरकार, रा.से.यो. निदेशालय, नई दिल्ली** की ओर सूचनार्थ।
2. निजी सचिव के माध्यम से **समस्त विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति महोदय** को सूचनार्थ प्रेषित।
3. **राज्य रासेयो अधिकारी, उच्च शिक्षा विभाग,** उत्तर प्रदेश शासन को इस आशय से प्रेषित कि अपने स्तर से समस्त संस्थानों को My Bharat Portal पर ज्ञान संस्थानों (Knowledge Institutions) के रूप में पंजीकरण कराने हेतु निदेशित करने का कष्ट करें।

8वाँ तल, हाल नं0.1, केन्द्रीय भवन, अलीगंज, लखनऊ-226024 (उ0प्र0)
8th Floor Hall No.-1, Kendriya Bhawan, Aliganj, Lucknow-226024 (U.P.)
E-mail : nssrc.lu-up@gov.in , nssrclucknow@gmail.com दूरभाष/Telephone No. : 0522-2337066/4079533
NSSRDLucknow uttarpradeshnss uttarakhandnss

**MY BHARAT Portal**

**MYBharat पोर्टल पर ज्ञान संस्थानों (Knowledge Institution) को शामिल करने के लिए SOP (मानक संचालन प्रक्रिया)**

## A. चेकलिस्ट

- एक कंप्यूटर जिसमें इंटरनेट कनेक्शन हो।
- नोडल अधिकारी/नामित व्यक्ति का विवरण: नाम, लिंग, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर।
- संस्थान का बैनर (100 KB, 1590 mm x 259 mm) और लोगो (100 KB, 120 mm x 120 mm)।
- संस्थागत संबद्धता और अधिकृत व्यक्ति का हस्ताक्षरित और मोहरयुक्त दस्तावेज़ (संलग्नक - 1)।
- UDISE/AISHE ID/ITI कोड (यदि उपलब्ध हो)।

## B. विस्तृत चरण

| क्र०सं० | चरण | प्रक्रिया |
|---|---|---|
| 01. | चरण 1 | वेब ब्राउज़र खोलें और MYBharat पोर्टल पर जाएँ: https://mybharat.gov.in |
| 02. | चरण 2 | पार्टनर पंजीकरण शुरू करें : मुख्य पृष्ठ पर "Get Started" पर क्लिक करें और "Partner - Register" चुनें |
| 03. | चरण 3 | नोडल अधिकारी की सूचना दर्ज करें : नामित नोडल अधिकारी का पंजीकृत ईमेल आई०डी० अथवा मोबाइल नंबर दर्ज करें। भेजे गए OTP से सत्यापित करें |
| 04. | चरण 4 | नोडल अधिकारी का व्यक्तिगत विवरण भरें : नाम, जन्मतिथि और लिंग दर्ज करें |
| 05. | चरण 5 | संस्थान का स्थान निर्दिष्ट करें : राज्य, जिला, ब्लॉक/स्थानीय निकाय और पिनकोड चुनें |
| 06. | चरण 6 | संगठन प्रकार चुनें : "Knowledge Institution" चुनें |
| 07. | चरण 7 | संस्थान खाता बनाएँ : "Create Institution" पर क्लिक करें |
| 08. | चरण 8 | राज्य और जिला चुनें : संस्थान के स्थान का राज्य और जिला चुनें |
| 09. | चरण 9 | संस्थान प्रकार निर्दिष्ट करें : उपयुक्त प्रकार चुनें: कॉलेज, स्कूल, विश्वविद्यालय, ITI, पॉलिटेक्निक |
| 10. | चरण 10 | संस्थान उपश्रेणी चुनें (यदि लागू हो) : : कॉलेज, स्कूल और विश्वविद्यालय के लिए उपश्रेणी चुनें<br>➢ महाविद्यालय स्तर पर : सम्बद्ध महाविद्यालय/स्वायत्त संस्थान/अन्य<br>➢ स्कूल स्तर पर : CBSE/CISCE/State Board/अन्य<br>➢ विशविद्यालय स्तर पर : UGC से मान्यता प्राप्त/राष्ट्रीय महत्त्व का संस्थान/अन्य |
| 11. | चरण 11 | संस्थान का नाम खोजें या दर्ज करें : UDISE कोड (स्कूलों के लिए) या AISHE कोड (विश्वविद्यालय/कॉलेजों के लिए) का उपयोग करें। यदि सूचीबद्ध नहीं है तो नाम मैन्युअल रूप से दर्ज करें |
| 12. | चरण 12 | नोडल अधिकारी का पदनाम प्रदान करें : संस्थान के नामित नोडल अधिकारी का पदनाम दर्ज करें |
| 13. | चरण 13 | फंडिंग स्रोत निर्दिष्ट करें : केंद्र सरकार/राज्य सरकार/निजी में से चुनें |
| 14. | चरण 14 | संस्थान का वर्णन करें : 'About' टेक्स्ट फ़ील्ड में संस्थान का विस्तृत विवरण प्रदान करें। उक्त जानकारी संस्थान के प्रोफ़ाइल पेज पर दर्शाई जाएगी |
| 15. | चरण 15 | संस्थान की विशेषज्ञता चुनें : यदि लागू हो, तो विशेषज्ञता का चयन करें |
| 16. | चरण 16 | NSS इकाई के सम्बन्ध में भरें : राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई की उपस्थिति के लिए 'YES' या 'NO' चुनें |
| 17. | चरण 17 | संस्थान का बैनर/लोगो अपलोड करें : संस्थान का बैनर और लोगो अपलोड करें (अनुशंसित आकार: 100 KB, प्रारूप: JPG/JPEG/PNG) |
| 18. | चरण 18 | हस्ताक्षरित दस्तावेज़ अपलोड करें : संस्थान के विवरण और अधिकृत नोडल अधिकारी की पुष्टि करने वाला हस्ताक्षरित और मोहरयुक्त दस्तावेज़ अपलोड करें (संलग्न -1 में टेम्पलेट)। उक्त टेम्पलेट My bharat पोर्टल से भी डाउनलोड किया जा सकता है |
| 19. | चरण 19 | संपर्क जानकारी प्रदान करें : आधिकारिक संपर्क विवरण और पता दर्ज करें |
| 20. | चरण 20 | नामांकित व्यक्ति जोड़ें (वैकल्पिक) : वैकल्पिक रूप से MYBharat पोर्टल तक पहुंच के लिए नामांकित व्यक्ति जोड़ें |
| 21. | चरण 21 | पदनाम घोषित करें : घोषणा करें कि विवरण विश्वविद्यालयों के लिए कुलपति या स्कूलों/कॉलेजों के लिए प्राचार्य से संबंधित है |
| 22. | चरण 22 | पूर्वावलोकन और जमा करें : फ़ॉर्म की समीक्षा करें कि सभी विवरण सही हैं। ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया को अंतिम रूप देने के लिए 'Submit' पर क्लिक करें |